प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे
मुख्य समाचार :–

1. विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां : कहा– सुशासन और आर्थिक सशक्तिकरण से बदली प्रदेश की छवि।
2. विधानसभा में पहली बार पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण : वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा– सरकार के प्रयासों से 8 वर्षों में दोगुनी हुई प्रति व्यक्ति आय।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम क 9वें संस्करण का दूसरा वीडियो आज हुआ जारी : विद्यार्थियों को जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता और आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया प्रेरित। और
4. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मथुरा में गोवर्धन गिरिराज जी मंदिर में की पूजा अर्चना : कहा– भारत अमेरिका व्यापार समझौते से देश के विकास को मिलेगी नई गति।

———————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल बजट सत्र के पहले दिन आज राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा में दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। राज्य सरकार की कानून व्यवस्था का

उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मार्च, 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश ने सुशासन, सुदृढ़ कानून–व्यवस्था, आधारभूत ढांचे के विस्तार, निवेश, रोजगार सृजन और जनकल्याण इत्यादि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इसने प्रदेश की भावी विकास यात्रा को सुदृढ़ आधार दिया है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। जनधन योजना में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। बाइट.....

*प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत प्रदेश में 10 करोड़ 22 लाख खातों के साथ देश में पहले नंबर पर है तथा वर्ष 2024 के सापेक्ष में 5 करोड़ 76 लाख खातों की वृद्धि हुई है प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 7 करोड़ 94 लाख नामांकन के साथ उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।*

प्रदेश सरकार ने आज पहली बार विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने साल 2025–26 की आर्थिक समीक्षा प्रस्ततु करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान वर्ष

2016–17 के 8.6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 9.1 प्रतिशत तक पहुँच गया है।

श्री खन्ना ने बताया कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय वर्ष 2016–17 में 54 हजार 564 रुपये थी, जो आठ वर्षों में दोगुनी होकर वर्ष 2024–25 में एक लाख 9 हजार 844 रुपये तक पहुँच गई है। श्री खन्ना ने कहा कि उत्तर

प्रदेश की पारदर्शी नीतियां, समयबद्ध प्रोत्साहन और सेफ्टी, स्टेबिलिटी, स्पीड की गारंटी ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। बाइट.......

*राज्य की आर्थिक स्थिति, अर्थव्यवस्था 8 वर्षों में दोगुने से अधिक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है जिसका आकार वर्ष 2016–17 में ₹13.30 लाख करो से दोगुना से अधिक बकर वर्ष 2024–25 में 30. ₹30,00,000 के आंकड़े को पार करते हुए वित्तीय वर्ष में ₹36,00,000 के आंकड़े तक पहुँचने की और अग्रसर है। एक समय जिस प्रदेश में निवेशक कतराते थे वही अब लगभग ₹50,00,000 करोड़ से अधिक के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।*

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को बाधित न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विधानमण्डल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार स्तम्भ है, जो संवाद से चलता है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश विधानमंडल में कार्यवाही के कीर्तिमान स्थापित

किए गए हैं। आगामी बजट पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विकास की रफ्तार को और तेज करेगा। बाइट.....

*वास्तव में विधान मंडल लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आधार स्तम्भ है। यह संवाद से चलता है। कार्यवाही को बाधित करके नहीं। हम लोगो ने बार बार कहा है की सरकार संवाद ऐसी समस्या का समाधान पर विश्वास करती है।*

सदन में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा सदस्यों ने लगातार नारेबाजी की। इससे पहले सपा सदस्यों ने विशेष गहन पुनरीक्षण, कोडीन कफ सिरप की तस्करी,

विदेश नीति, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर विधानसभा परिसर में भी प्रदर्शन किया।

उधर, विधान परिषद में सभापति मानवेंद्र सिंह ने कार्य परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियों को सदन के पटल पर रखा। सभापति ने राज्यपाल के अभिभाषण को विधान परिषद के सदन में प्रतिवेदित किया। प्रमुख सचिव राजेश सिंह ने सदन में बारह विधेयकों के राज्यपाल के अनुमोदन के बाद अधिनियम बनने की घोषणा की। वहीं उपमुख्यमंत्री और नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय संशोधन अध्यादेश 2026 और उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्याालय द्वितीय संशोधन अध्यादेश 2026 को सदन में रखा।

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं से परे देखने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन की आवश्कता पर बल दिया। बाइट.....

*अगर अनुशासन है ही नहीं, तो कितने ही इन्सपरेशन होगा, तो वो इन्सपरेशन किस काम का। मान लीजिए कि एक किसान है, उसको प्रेरणा मिल रही है बगल वाला किसान बहुत फसल कर रहा है। इन्सपरेशन हैयार लेकिन ये जोतेगा नहीं और बारिश आ गई फिर वो कुछ भी करें, उसकी हालत खराब ही रहेगी।*

प्रधानमंत्री ने कहाकि विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी पर निर्भर होने के बजाय इसका बुद्धिमानी सेउपयोग करना चाहिए। बाइट.....

*हमे किसी चीज से डरना नहीं चाहिए। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम उसके गुलामनहीं बनेंगे। मैं अपने जीवन में मैं ही निर्णायक रहूंगा वह मेरा मालिक नहीं बनेगा। जैसे कुछ बच्चों का है कि मोबाइल उनका मालिक बन गया है। अगर मोबाइल नहीं है तो खानानहीं खा सकता है, टीवी नहीं है तो जी नहीं सकता।*

———————————

प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण प्रदेश के विभिन्न जनपदों के स्कूलों में बच्चों को दिखाया गया बरेली में 12वीं के छात्र कृपांश शर्मा ने कार्यक्रम को सुनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया और कहा कि उनका मार्गदर्शन परीक्षा में बड़ा मददगार है। बाइट.....

*प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा पे जो हम बच्चों को मार्गदर्शन किया है, वह हमें बहुत ही लाभदायक साबित होने वाला है एंड उन्होंने जो टाइम मैनेजमेंट की बात की है, उससे हम बच्चों को बहुत ही आसानी होगी पाई में एंड सभी सब्जेक्ट्स कवर हो जाएंगे।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सीतापुर में तपोधाम आश्रम में गिरधारी नाथ महाराज स्मारक स्थल का अनावरण किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीतापुर भारत के सनातन का पौराणिक स्थल है। प्रदेश के पौराणिक स्थलों का पुनर्स्थापित करने का कार्य प्रदेश सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि नैमिष महापुरुषों की तपस्थली है। अब यहां महंत गिरधारी नाथ को भी लोग जान सकेंगे।

———————————

केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा की और गोवर्धन गिरिराज जी मंदिर में पूजा

अर्चना की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने भारत अमेरिका व्यापार समझौते के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के हितों पर आँच नहीं आने दी है। यह समझौता राष्ट्रहित में है। बाइट......

*प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को हृदय से धन्यवाद देता हूँ। भारत के किसानों के हितों पर उन्होंने आंच नहीं आने दी। ये समझौता राष्ट्र हित में सर्वोत्तम समझौता है। किसानों के हित को सर्वदा सुरक्षित किया गया है। इससे भारत के विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।*

————————

वाराणसी में भारत सरकार की जनगणना निदेशक शीतल वर्मा ने मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनगणना की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि जनगणना की प्रथम प्रक्रिया के तहत मकानों की गणना की जाती है। उत्तर प्रदेश में यह काम 22 मई से 20 जून की अवधि के बीच किया जाना प्रस्तावित है।

————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जारी नोटिसों के सुनवाई स्थलों पर मतदाता हेल्प डेस्क बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इन हेल्प डेस्क पर विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 प्रक्रिया से भली–भांति परिचित कर्मचारियों को तैनात किया जाये।

(समाप्त)